उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग

23 एलनगंज, प्रयागराज–211002

पत्रांकः 3634 /27(2026)/अधियाचन(विज्ञापन) /2026–27 दिनांकः 20/नवम्बर/2026

विज्ञप्ति

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि उ0प्र0 शिक्षा सेवा चयन आयोग, प्रयागराज की विज्ञापन संख्या 03/2026 बेसिक शिक्षा विभाग में कार्यरत शिक्षकों हेतु **विशेष शिक्षक पात्रता परीक्षा (Special TET)** की लिखित परीक्षा दिनांक 03 नवम्बर, 2026 को प्रदेश के 06 मण्डल मुख्यालयों (प्रयागराज, लखनऊ, वाराणसी, गोरखपुर, मेरठ एवं आगरा) पर दो पालियों में सम्पन्न करायी गयी थी।

बेसिक शिक्षा विभाग में कार्यरत शिक्षकों हेतु विशेष शिक्षक पात्रता परीक्षा (Special TET) में सम्मिलित अभ्यर्थियों का परिणाम आज दिनांक 20.11.2026 को घोषित किया जा रहा है जिसमें प्राथमिक स्तर **(कक्षा 1 से 5 तक)** हेतु परीक्षा में सम्मिलित कुल **50666** अभ्यर्थियों में से **15159** अभ्यर्थी तथा उच्च प्राथमिक स्तर **(कक्षा 06 से 08 तक)** हेतु परीक्षा में सम्मिलित कुल **43015** अभ्यर्थियों में से **23743** अभ्यर्थी सफल घोषित हुए है।

आयोग द्वारा सभी सफल अभ्यर्थियों का प्रमाण–पत्र निर्गत कर दिया गया है। अभ्यर्थीगण आयोग की वेबसाइट https://www.upessc.up.gov.in/ पर उपलब्ध लिंक के माध्यम से अपना अनुक्रमांक व जन्मतिथि प्रविष्ट कर अपना प्रमाण–पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। उक्त प्रमाण–पत्र डिजिलॉकर के माध्यम से भी यथाशीघ्र आयोग की वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकेगा।

उपसचिव